राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–160/2024

राजभवन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

पटना, 14 अगस्त, 2024 :– स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजभवन के राजेन्द्र मंडप में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि आज 14 अगस्त है और इस तिथि को हम 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाते हैं ताकि भावी पीढ़ियाँ भारत विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गई पीड़ा और यातना के बारे में जान सके। उन्होंने इस अवसर पर आपसी प्रेम और भाईचारा की भावना तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने हेतु संकल्पित होने का आवाहन भी किया। राज्यपाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी।

इस कवि सम्मेलन में श्री गजेन्द्र प्रियांशु, श्री शंभू शिखर, सुश्री पद्मिनी शर्मा एवं डॉ० तिस्या श्री ने कविता पाठ किया तथा देशभक्ति, हास्य–व्यंग्य और श्रृंगार रस की कविताओं से दर्शकों को अभिभूत कर दिया। सामाजिक मुद्दों पर आधारित कविताएँ भी सुनाई गईं। कवि सम्मेलन की शुरूआत सुश्री पद्मिनी शर्मा ने सरस्वती वंदना से की।

इस अवसर पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कौर बम्हरा, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न केन्द्रीय संस्थानों के वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण व कुलसचिवगण, पटना में अवस्थित महाविद्यालयों के शिक्षकगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....